दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 855.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 27 अगस्त तक 855.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1064.7 मिली मीटर, पुसौर में 927.4, खरसिया में 825, घरघोड़ा में 867.2, तमनार में 808.5, लैलूंगा में 745.1, मुकडेगा में 774.2, धरमजयगढ़ में 720.9 छाल में 892.8 एवं कापू में 930.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय: कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु अंतिम चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**विद्यार्थी 16 सितम्बर तक ले सकते है प्रवेश**

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु निर्धारित आरक्षण अनुसार गत दिवस प्रवेश हेतु काउंसिलिंग किया गया। काउंसिलिंग उपरांत विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु अंतिम चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी किया जा रहा है। संबंधित विद्यार्थी एवं पालकगण सूची में दर्शित विद्यालयों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर 16 सितम्बर 2024 तक प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। समयावधि में प्रवेश हेतु उपस्थित नहीं होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में किसी प्रकार की अन्य विस्तृत जानकारी के लिए सहायक आयुक्त/सचिव जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 6 सितम्बर तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कबीर चौक वार्ड क्रमांक 35 में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 6 सितम्बर तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि एवं कार्यालयीन समय पर अपना आवेदन परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी)में जमा कर सकते है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी के लिए परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### सारंगढ़ और बरमकेला क्षेत्र में आज होगा आयुष्मान शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सारंगढ़ और बरमकेला ब्लॉक क्षेत्र में 28 अगस्त को निशुल्क आयुष्मान पंजीयन महाअभियान शिविर आयोजित किया जाएगा। बरमकेला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सांकरा, बरपाली, लेन्ध्रा, सराईपाली, देवगांव, कोकबहाल, डभरा, गौरडीह, पंचधार, भठली, गोबरसिंहा, करनपाली, बडेनवापारा, डोंगरीपाली,बार, कण्डोला, लोधिया, दुलोपाली, लुकापारा, बोरे, अमुर्रा, झाल, भिखमपुरा, तोरा, मानिकपुर, महाराजपुर, खैरगढी, बोंदा, बोरिदा, खोरीगांव, साल्हेओना, सेमीकोट, सण्डा, रिसोरा, नौघटा, नदीगांव, पोरथ, अमेरी, विष्णुपाली, कमरीद, कान्दुरपाली, कंठीपाली में आयुष्मान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सारंगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत उलखर, भिखमपुरा, दहिदा, मधुवन, भेडवन, बासीनबहरा, उच्चभिटठी, खरवानी बडे, अडोला, अमलीडीपा, दानसरा, कनकबीरा, टिमरलगा, भकुर्रा, लेन्ध्रा, खुडूभाठा, खैराछोटे, कुम्हारी, गुडेली, हिच्छा, खम्हारडीह, नूनपानी, छुहीपाली, तिलाईमुडा, अमझर, खरवानी छोटे, सुलौनी, बुदेली, गन्तुली बडे, रेगालमुडा, खजरी, दमदरहा, साल्हे, खैरा बडे, भडीसार, मचगोढा, कलमी, लालाघुरवा, घोठला बडे, छतौना, बोइरडीह, अमेठी में आयुष्मान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष विश्वकर्मा ने रायगढ़ में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

- पिछड़ा वर्ग हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से जोड़ें-छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष विश्वकर्मा
- पिछड़ा वर्ग के समाज प्रतिनिधियों से की मुलाकात, पिछड़ा वर्ग समूह के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक भागीदारी के संबध में हुई चर्चा, लिए गए सुझाव



**रायगढ़**

छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग, रायपुर के अध्यक्ष आर.एस.विश्वकर्मा (आई.ए.एस.से.नि.) केबिनेट मंत्री (दर्जा) ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं में पिछड़ा वर्ग की सहभागिता एवं लाभान्वितों के संबंध में समीक्षा की। इस अवसर पर छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्यगण यशवंत सिंह वर्मा, नीलांबर नायक, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, शैलेन्द्री परगनिहा एवं हिमांचल साहू उपस्थित रहे।

छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आर.एस.विश्वकर्मा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को कहा कि जिले में पिछड़ा वर्ग की जनसंख्यानुसार पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ें। उन्होंने आयोग के गठन के संबंध में कहा कि इसका उद्देश्य प्रदेश में पिछड़े वर्ग की वर्तमान सामाजिक स्थिति, शैक्षणिक तथा आर्थिक स्थिति, शासन के विभिन्न विभागों की संरचना एवं योजनाओं में पिछड़े वर्ग की भागीदारी, राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिल रहे लाभ की जानकारी, राज्य में पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तथा इसमें वृद्धि के उपाय, राज्य में पिछड़े वर्ग की युवाओं हेतु कौशल उन्नयन कार्यक्रमों तथा प्रशिक्षण के संचालन की वर्तमान स्थिति, पिछड़े वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक कल्याण हेतु अन्य उपाय तथा अनुशंसा के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। जिसके लिए वर्तमान में सर्वे का कार्य किया जा रहा है। अत: सर्वे का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए कोई भी पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति नहीं छुटना चाहिए, ताकि पिछड़ा वर्ग की जन संख्या सुनिश्चित होने के साथ ही विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हे मिल सके।

अध्यक्ष आर.एस.विश्वकर्मा ने बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, शिक्षा विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, महिला बाल विकास, रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग, समाज कल्याण कल्याण, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, क्रेडा, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, उद्यानिकी विभाग, मछली पालन, जल संसाधन, सहकारिता विभाग, वन विभाग एवं जिला कौशल विभाग विकास से उनके संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी लेते हुए योजनाओं से पिछड़ा वर्ग के लाभान्वितों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान अध्यक्ष विश्वकर्मा ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि योजनाओं में प्राप्त आवेदन अनुसार लाभान्वितों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायें। इसी प्रकार राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र नियत समय में बनाया जाए। इस दौरान उन्होंने जाति प्रमाण पत्र के संबंध में निर्देशित किया कि शासन के जारी प्रपत्र का पालन करते हुए क्रिमीलेयर प्रमाण पत्र जारी करें। उन्होंने कहा कि जिले में स्कूल स्तर में जाति प्रमाण बनने चाहिए इसके लिए शिविर का आयोजन कर शत-प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए। उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों के वर्गसंख्या अनुसार शासन को प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता का ध्यान रखें, सभी वर्गो में सम्यक विकास हो, कृषक चयन में विशेष ध्यान दें। इसी तरह उन्होंने उद्योग विभाग को लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम में वर्गवार जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मछली पालन विभाग को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय आधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सामाजिक प्रतिनिधियों से की भेंट, लिए सुझाव**

छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग, रायपुर के अध्यक्ष आर.एस.विश्वकर्मा ने आज अपने रायगढ़ के प्रवास के दौरान सर्किट हाऊस में पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समाज के समग्र विकास हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए सुझाव भी लिए। इस दौरान महेश साहू, पुरूषोत्तम पटेल, खेमराज नायक, रमेश बेहरा, अरूण बेहरा, शीला तिवारी, अजय पटेल, सरयु बेहरा, हेमंत डनसेना, श्याम गुप्ता, अनिरूद्ध गुप्ता सहित समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा में सोनोग्राफी मशीन की सुविधा उपलब्ध

**रायगढ़**



विकासखंड लैलूंगा के दूरस्थ अंचल में रहने वाले गर्भवती महिलाओं के लिये स्वास्थ्य सुविधा में बड़ी राहत मिली है। जिसके तहत आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा में डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड (सोनोग्राफी) मशीन का उद्घाटन किया गया। जिससे अब वहां की महिलाओ को लंबी दूरी तय करनी नहीं पड़ेगी और गर्भवती महिलाओं को शारीरिक रूप से आराम मिलने के साथ समय की बचत एवं आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी। सीएचसी लैलूंगा में हाई रिस्क वाली (उच्च जोखिम वाली महिलाओं का समय रहते अपने प्रसव की स्थिति की जानकारी ली जा रही है। महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व पौष्टिक आहार, नियमित दवाईयां आराम करने की सलाह दी जाती है। इसके लिये डॉ. कुन्ती चौधरी स्त्रीरोग विशेषज्ञ को प्रत्येक माह के 24 तारीख को निर्देशित किया गया है जिससे लैलूंगा क्षेत्र में गर्भवती माताओं को इसका लाभ प्राप्त हो सकें। आज उद्घाटन के पश्चात 13 महिलाओं का सोनोग्राफी किया गया है। सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से लैलूंगा के दूरस्थ अंचलों के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

## बैंक सखी बनी वरदान: बिहान रायगढ़ का एनपीए एक प्रतिशत से भी कम

- जिले में एनपीए खातों का किया गया शत-प्रतिशत निदान

**रायगढ़**



सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के निर्देशन में एनआरएलएम अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत राज्य में सर्वाधिक जिले में 13,387 स्व- सहायता समूह का गठन कर अलग-अलग वर्ग की 1 लाख 44 हजार 240 महिला सदस्यों को स्व-सहायता समूह में जोड़ा गया है। स्व-सहायता समूह द्वारा सक्रीय रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित बैठक, बचत आपसी लेनदेन, ऋण वापसी, लेखा संधारण, समस्त लाइन डिपार्टमेंट के साथ अभिशरण कर योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है। योजना के तहत जिले भर में कार्यरत समूह सदस्य जो बैंक सखी के रूप में निर्धारित 57 बैंक ब्रांचों में अपनी सेवाएं दे रही है। योजना के संचालन में वित्तीय पोषण की मुख्य भूमिका रहती है। जो माइक्रो क्रेडिट योजना के आधार पर सभी बैंक द्वारा स्व-सहायता समूहों को समय-समय पर दिया जा रहा है।

इस वित्तीय वर्ष अभी तक 1341 स्व-सहायता समूहों को 40 करोड़ 78 लाख 90 हजार रूपये स्व-सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों के लिए अलग-अलग बैंकों से बैंक क्रेडिट लिंकेज कराया गया है। उक्त राशि का उपयोग कर समूह की महिलाएं सक्षम एवं सशक्त हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा डीएलसीसी बैठक कर एवं जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में बैंक सखी द्वारा प्रत्येक माह अपने-अपने ब्रांच में बैंक प्रबंधक की अध्यक्षता में एनपीए अर्थात गैर निष्पादित परिसंपत्तिया (नॉन परफार्मिग एसेंट्स) हो चुके या होने वाले खातों का सामुदाय आधारित ऋण वापसी बैठक कर निराकरण कराया जा रहा है। जिससे कि जिले एनपीए का प्रतिशत एक प्रतिशत से भी कम हो गया है। आगामी कुछ दिवस में जिले का एनपीए को समाप्त कर सभी खातों को रेगुलर करने हेतु बैंक सखी के साथ सभी बैंक ब्रांच, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत का बिहान अमला द्वारा कार्य किया जाएगा। इसी क्रम में जिले में जनपद पंचायत तमनार अंतर्गत सभी बैंक ब्रांचों में एनपीए खातों की संख्या मात्र एक ही रह गयी है जो की शून्य के बराबर है।

## स्कूलों में हर माह लें यूनिट टेस्ट, रिजल्ट का विश्लेषण कर बेहतर प्रदर्शन के लिए बनाएं कार्ययोजना-सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव

- ई-केवाईसी अपडेशन में तेजी लाने के दिए गए निर्देश
- पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन की हुई समीक्षा
- चक्रधर समारोह की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन, अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां
- कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़**

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्कूलों में प्रतिमाह यूनिट टेस्ट आयोजित करने और रिजल्ट का विश्लेषण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यूनिट टेस्ट लेने का उद्देश्य है बच्चों कि प्रगति की साल भर मॉनिटरिंग हो। जिससे जहां बच्चे का रिजल्ट अच्छा नहीं आ रहा वहां सुधार किया जा सके। उन्होंने इसे पूरी गंभीरता से करते हुए आगामी बैठकों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूली बच्चों को इंस्पायर मानक अवार्ड के बारे में जानकारी देने और उन्हें इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री जनदर्शन से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। सीईओ यादव ने विभागवार अधिकारियों से आवेदन के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी जल्द आवेदनों का निराकरण कर उसे अपडेट करें। सीईओ यादव ने जन समस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

सीईओ यादव ने प्रयास विद्यालय के संचालन प्रारंभ करने के संबंध में तैयारियों का ब्यौरा लिया। प्रभारी सहायक आयुक्त महेश शर्मा ने बताया कि क्लास रूम और हॉस्टल तैयार किए जा चुके हैं। पहले सत्र के संचालन के लिए काउंसलिंग उपरांत छात्रों का चयन किया जा चुका है। छात्रावास का सामान शिफ्ट किया जा रहा है। जिसके पश्चात कक्षाएं प्रारंभ करने की तैयारी है। सीईओ यादव ने परिसर में साफ -सफाई व्यवस्था पूरी करने के निर्देश विशेष रूप से दिए। सीईओ यादव ने पीएम जनमन योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी ली। बताया गया कि जनमन योजना से लाभान्वित करने के लिए विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर बाहुल्य गांवों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। यह शिविर आगामी 10 सितंबर तक लगाए जायेंगे।

सीईओ यादव ने खाद्य विभाग से ई-केवाईसी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले के विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ई-केवाईसी अपडेशन का काम पूरा करें। खाद्य अधिकारी ने बताया कि गांवों और शहरी वार्डों का क्लस्टर बनाकर ई-केवाईसी अपडेशन का काम किया जाएगा। सीईओ यादव ने कहा कि काम में प्रगति दिखनी चाहिए। बैठक में राजस्व मामलों को लेकर एसडीएम और तहसीलदार से चर्चा की गई। अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने नक्शा बटांकन, विवादित नामांतरण, विवादित और अविवादित खाता विभाजन के संबंध में अधिकारियों को प्रकरणों का तेजी से निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में चक्रधर समारोह के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने बताया कि चक्रधर समारोह के गरिमामयी और सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सभी अपने कार्यों का संपादन पूरी गंभीरता से करेंगे।

## गौ तस्करों पर राजनांदगांव पुलिस एवं गोंदिया पुलिस की संयुक्त कार्यवाही, एक गिरफतार

**रायपुर । आरएनएस**

राजनांदगांव पुलिस एवं गोंदिया पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गौ तस्करी कर रहे एक वाहन को पकड़ा है। पुलिस ने वाहन से 21 नग गाय, बैल जप्त किया है। वाहन सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा दूसरा फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है।

जिले के अवैध शराब बिक्री एवं अवैध तस्करी गो तस्करी के रोकथाम व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में 26 अगस्त की रात्रि मुखबिर से सूचना मिली की भिलाई की ओर से ट्रक क्रमांक एमएच 20 ईजी 9134 मे गाय बैल को भर कर महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो के मार्ग दर्शन में टीम गठित किया गया सभी टीम को महाराष्ट्र की ओर जाने वाले संभावित रास्तों पर लगाया गया। महाराष्ट्र के सरहदी थानों को भी सूचना से अवगत कराया गया रास्तों में पुलिस की चौकसी देख आरोपियों के द्वारा वाहन महाराष्ट्र की ओर ले गया जहां चीचगढ़ प्रभारी को सूचना से अवगत कराया गया एवं नाकेबंदी हेतु सहयोग प्राप्त किया गया । सभी दिशाओं से घिरने पर आरोपीयो ने अपने वाहन को कच्चे रास्ते में जंगल में छोडक़र भागने का प्रयास किया किंतु पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया वहीं एक व्यक्ति फरार हो गया। पकड़े गये व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम देवेंद्र राव बताया उसके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त वाहन एवं 21 नग गाय, बैल जप्त किया गया।

## सेजेस गोढ़ी ने विकासखण्ड स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज में मारी बाजी

- मिशन-उत्कर्ष के तहत हर माह हो रही है प्रतियोगिता आयोजित

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में शिक्षा गुणवत्ता विकास के लिये लागू मिशन उत्कर्ष के अंतर्गत कक्षा नवमीं से बारहवीं तक अध्ययन कर रहे छात्रों के लिये हर माह विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शाला स्तर, ब्लॉक स्तर और जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, ताकि बच्चों का विज्ञान एवं गणित के ज्ञान में वृद्धि हो और उनका रुझान इस विषय की ओर हो। निर्देश के परिपालन में आज सेजेस तमनार में विकासखण्ड स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड के सेजेस तमनार, कन्या गोढ़ी, कुंजेमुरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमनार, धौराभांठा, लिबरा, कोलम चितवाही, उरबा, देवगढ़, टांगरघाट, के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सेजेस कन्या गोढ़ी के हेमा यादव एवं संजना चक्रोबर्ती ने प्रथम स्थान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलम चितवाही के राहुल राठिया एवं पुरुषोत्तम चौहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजयी शाला जिला स्तरीय प्रतियोगिता जो आगामी 31 अगस्त 2024 को आयोजित होगी उसमें भाग लेगी। क्विज प्रतियोगिता के निर्णायक उमेश पटेल, मंजू पटेल, खिरोदिनी पटनायक रहे। क्विज प्रतियोगिता का संचालन जयराम विश्वाल द्वारा किया गया। विजयी प्रतिभागियों को बीईओ मोनिका गुप्ता, एबीईओ उत्तरा सिदार, बीआरसी जय प्रकाश साहू एवं सेजेस प्राचार्य बालकृष्ण वर्मा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य ने बताई अपनी समस्याएं**

## अपर कलेक्टर पाण्डेय ने शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**रायगढ़**



प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए। जनदर्शन में लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं जैसे राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, आवास और सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए।

जनदर्शन में रायगढ़ मधुबन पारा की किरन उरांव स्कूल में टीसी न देने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र अलेख उरांव जो कि भवानी बाल विद्या मंदिर स्कूल चांदमारी में पढ़ाई करता है। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र को अब वे दूसरे स्कूल में पढ़ाना चाह रही है, जिस संबंध में उन्हें टीसी की जरूरत है। लेकिन स्कूल में टीसी न देने के कारण अन्य स्कूल के दाखिला में परेशानी हो रही है। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने शिक्षा विभाग को आवेदन का परीक्षण कर तत्काल उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह जनपद पंचायत खरसिया ग्राम पंचायत गीधा के ग्रामीण गांव में अवैध मदिरा निर्माण एवं उसके बिक्री को बंद कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि गीधा गांव के सभी मोहल्लों में अवैध दारू निर्माण एवं बिक्री कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। जिसके कारण गांव के नव युवकों पर शराब की लत लग रही है, साथ ही उनकी तबीयत भी खराब हो रही है। अगर यहां शीघ्र ही अवैध शराब निर्माण पर रोक नहीं लगायी गयी तो आगे चलकर गांव की स्थिति बहुत खराब हो जाएगी। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने आबकारी विभाग को आवेदन पर शीघ्रता से कार्यवाही के निर्देश दिए।

तहसील धरमजयगढ़ ग्राम पंचायत विजयनगर मोहल्ला टाटीकोना के ग्रामीण बिजली लाईन लगाए जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि उनके मोहल्ले में बिजली लाईन नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला पहाड़ किनारे होने के कारण बरसात के दिनों में खासकर अंधेरे के कारण साप, बिच्छु एवं अन्य जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है। मिट्ठुमुड़ा रायगढ़ की शारदा देवी मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि वे रोजी-मजदूरी का कार्य करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत आनलाईन आवेदन भी की थी। लेकिन बिना किसी ठोस कारण उनके आवेदन को निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने योजना के संबंध में लाभ दिलाये जाने हेतु निवेदन किया। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने सहायक श्रमायुक्त आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए आवेदिका को योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480